भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक कार्यालय
नई दिल्ली

निविदा सं.56/प्रशा-II/8-2013 **दिनांक 04.08.2016**

सेवा में,

....
....
....
....

विषय:- अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान हेतु उद्धरणों का आमंत्रण।

महोदय/महोदया,

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के कार्यालय में कुछ ऐसी वस्तुएं हैं (एलुमिनियम फ्रेम) जिनकी उपयोग अवधि समाप्त हो चुकी है और वे बिल्कुल बेकार/अनुपयोगी हो चुकी हैं। इस कारोबार से जुड़े स्थानीय क्रेताओं से उद्धरण आमंत्रित करके इनको निपटाने का निर्णय लिया है। यह स्वत: स्पष्ट है कि आपकी कम्पनी पुराने बेकार/अनुपयोगी वस्तुओं/सामानों का क्रय करती हो।

यदि आपकी फर्म इस कार्यालय के पुराने बेकार/अनुपयोगी वस्तुओं/सामानों (एलुमिनियम फ्रेम) का क्रय करना चाहती है तो आपसे इसके लिए उद्धरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है। बहुत सी बेकार/अनुपयोगी वस्तुओं (एलुमिनियम फ्रेम) के लिए अपना उद्धरण देने से पूर्व, वस्तुओं का निरीक्षण 23 अगस्त 2016 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 2:00 बजे अपराहन तक 10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली स्थित इस कार्यालय में किया जा सकता हैं। मोहरबंद लिफाफे में आपका उद्धरण जिसके ऊपर " विभिन्न पुरानी अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान हेतु उद्धरण" लिखा हो, **प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय के प्रधान वेतन एवं लेखाधिकारी के पक्ष में नई दिल्ली** में देय ₹ 10,000/- (₹ दस हजार केवल) डिमांड ड्रॉफ्ट (बयाना के रूप में) के साथ **दिनांक 24 अगस्त 2016 को 11:00 बजे पूर्वाहन तक** अद्योहस्ताक्षरी अथवा निविदा बॉक्स (9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली स्थित इस कार्यालय परिसर के स्वागत कक्ष में) अवश्य पहुंच जाना चाहिए। उद्धरणों को उसी दिन 3:30 बजे अपराहन में इस कार्यालय 9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली के समिति कक्ष में ऐसे निविदाकारों की उपस्थिति में खोला जाएगा जो आना चाहें।

सफल बोलीदाता को बोली खोलने की अगली तिथि तक 9, डीडीयू मार्ग के इस कार्यालय के कैशियर के पास पूरी राशि जमा करनी होगी तथा इस कार्यालय में राशि जमा करने के एक दिन के भीतर सभी वस्तुओं को हटाना पड़ेगा। राशि या तो नकद जमा की जा सकती है अथवा प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय के प्रधान वेतन एवं लेखाधिकारी के पक्ष में दिल्ली में देय डिमांड ड्रॉफ्ट द्वारा किया जा सकता है।

सक्षम प्राधिकारी को किसी या सभी बोलियों को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार है तथा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का कार्यालय के सक्षम प्राधिकार का निर्णय अंतिम एवं बाध्कारी होगा।

भवदीय,

(दिनेश कुमार)
वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी (प्रशासन II)

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक कार्यालय

नई दिल्ली

निविदा सं.56/प्रशा-II/8-2013 **दिनांक 04.08.2016**

<u>विभिन्न पुरानी/बेकार और अनुपयोगी वस्तुओं के मूल्य उद्धरण का फार्मेट</u>

क्र. सं.	**मद का विवरण**	**यूनिट**	**स्थान**	**उद्धृत मूल्य (₹ में)**
1.	विविध मद (एलुमिनियम फ्रेम)	₹/प्रति किलो	भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110124	
	कुल उद्धृत मूल्य (अंकों में)			
	कुल **उद्धृत मूल्य (शब्दों में) (₹...**			
	बोलीदाताओं को मदों (एलुमिनियम फ्रेम को ले जाने के लिए प्रति किलो मूल्य का उद्धरण करना आवश्यक है। मदों के वास्तविक भार के आधार पर ही कुल राशि का गणना किया जाएगा।			

<u>बोलीदाता का नाम</u>

1. **फर्म का नाम** ....
2. **प्राधिकृत व्यक्ति का नाम** ....
3. **पदनाम** ....
4. **फोन न.** ....
5. **मोबाइल न.** ....
6. **ई-मेल** ....
7. **पता** ....

<u>वचन</u>

1. मै. अधोहस्ताक्षरित प्रमाणित करता हूँ कि मैंने बोली दस्तावेज में उल्लिखित निबंधन एवं शर्तों को पढ़ लिया है और उनका पालन करने का वचन देता हूँ।
2. मैं जानता हूँ कि मेरे द्वारा जमा की जाने वाली राशि मदों के वास्तविक भार के आधार पर ही गणना की जाएगी ।
3. मेरे द्वारा प्रस्तुत दरें वैध और मुझ पर बाध्यकारी हैं और यह प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तुत दरें न्यूनतम दरें है जैसी भारत में किसी भी अन्य संस्था में प्रस्तुत हैं।
4. मेरे/हमारे द्वारा बोलियों को खोलने की तिथि से एक दिन की निर्दिष्ट अवधि में गणना की गई कुल राशि जमा करने में विफल होने के मामले में मैं/हम भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी को मेरे/हमारे द्वारा जमा बयाना राशि/सुरक्षा जमा को जब्त करने का अधिकार देता हूँ।
5. मैं एतद्द्वारा वचन देता हूँ कि मैं बोली खोलने के एक दिन के भीतर भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक कार्यालय के रोकड़ शाखा में पूरी राशि जमा करा दूँगा।
6. मैं यह भी वचन देता हूँ कि भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक कार्यालय में राशि जमा करने की तिथि से एक दिन के भीतर पुरानी/बेकार और अनुपयोगी मदों/वस्तुओं को हटा लूंगा।

स्थान:

दिनांक:

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर..

पदनाम...

(बोलीदाता की मोहर)